# कोटा में क्रिकेट का नॉक आउट महाकुंभ होगा

## पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में 112 विश्वविद्यालय की टीमें शामिल होंगी

**कोटा,** (निसं)। कोटा में क्रिकेट का महाकुंभ होने जा रहा है। पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता 2024 का आयोजन इस बार कोटा में होगा जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर को इस आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है।

विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा ने बताया कि 9 से 16 जनवरी तक आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्यप्रदेश राज्य के 112 सरकारी और निजी विश्वविद्यालय की टीम में भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता कोटा के छह मैदान में आयोजित होगी और उद्घाटन समारोह जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय परिसर में बने ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में होगा।


कोटा में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिये मैदान का अवलोकन किया गया।

उद्घाटन समारोह में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र और हॉकी विश्व विजेता टीम के सदस्य ओलंपियन अशोक ध्यानचंद और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी आकाश चोपड़ा उपस्थित रहेंगे। वही अपनी बोलिंग से सोशल मीडिया पर चर्चित होने वाली 10 वर्षीय बालिका सुशीला मीणा जिसके बॉलिंग एक्शन से दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समेत देश के खिलाड़ी खासे प्रभावित हुए हैं, उद्घाटन समारोह में सुशीला मीणा भी उपस्थित रहेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.के. तिवारी ने बताया कि प्रतिभागी टीमों को कुल चार पुल में बांटा गया है जिसमें कुल 111 नॉकआउट मैच और 6 लीग मैच आयोजित होंगे। प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय कोटा विश्वविद्यालय, कौटिल्य महाविद्यालय, आरएसी ग्राउंड, बाल विद्यालय और जेके पवेलियन के मैदान में मुकाबले होंगे। कोटा विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग और खेल मंडल के सचिव डॉक्टर विजय सिंह ने बताया कि बना प्रतियोगिता में गुजरात से 35, राजस्थान से 31, महाराष्ट्र से 26, मध्यप्रदेश से 19 और गोवा से एक टीम भाग लेगी। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से बीसीसीआई के लिए भी खिलाड़ियों का चयन होगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए दरवाजे खोलेंगे।

**चेयरपर्सन ने किया स्टेडियम का अवलोकन:-** पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता की तैयारी के मद्देनजर चेयरपर्सन आरडी मीणा, खेल मंडल की सचिव डॉ.विजय सिंह के साथ आयोजन समिति के सदस्य ने बारीकी से पिच और ग्राउंड का निरीक्षण किया और कमियो के संबंध में सुधार के लिए निर्देशित किया। मीणा ने बताया कि जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के लिए यह सुनहरा अवसर है क्योंकि इतनी बड़ी प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी उन्हें सौंप गई है विश्वविद्यालय प्रबंधन सभी के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाएगा।

**2000 खिलाड़ी 200 टीम मैनेजर लेंगे भाग:-** कुलसचिव डॉ.एनके शर्मा ने बताया कि यह पहला अवसर है कि जब जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय को भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा प्रतियोगिता का जिम्मा सौंपा गया है। इस प्रतियोगिता में 112 टीमों के लगभग 2000 खिलाड़ी, 200 टीम मैनेजर व कोच शो तकनीकी स्टॉफ अंपायर स्कोर बॉल बॉयज और मैदान विशेषज्ञ पूरे भारत से आएंगे।

■ जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय को मिली टूर्नमेंट की मेजबानी

**पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा:-** पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 2000 से अधिक खिलाड़ी और टीम मैनेजर कोच सहित क्रिकेट प्रेमी भी आएंगे जिससे कोटा शहर में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा चेयरपर्सन आरडी मीणा ने बताया कि इन खिलाड़ियों को कोटा भ्रमण भी कराया जाएगा इसके लिए जिला कलेक्टर से अनुमति मांगी गई है रिवरफ्रंट, सिटी पार्क के साथ यहां की ऐतिहासिक धरोहरों में उन्हें भ्रमण कराया जाएगा ताकि कोटा की ख्याति दूर-दूर तक पहुंचे और यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलें।

## गुर्जर प्रतिभाओं का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। काला तालाब रोड़ स्थित मैरिज गार्डन में बृजमण्डल गुर्जर समाज द्वारा शैक्षिक खेलकूद, व राजकीय सेवा में नियुक्ति पाने वाले और नीट परीक्षा उतीर्ण करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अध्यक्ष बबलू कसाणा ने बताया कि ये प्रतिभा सम्मान पिछले कई सालों से आयोजित किया गया जा रहा है।

इस प्रतिभा सम्मान-समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुर्जर समाज की महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा धारण कर रखी थी, और गुर्जर समाज के गानों पर अपनी पारम्परिक प्रस्तुति दी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेश गुर्जर, सेवानिवृत डिस्ट्रिक्ट जज किशन गुर्जर, कर्नल महताब सिंह, मेजर सचिन डोई, डॉ.अजीत सिंह, डॉ.बी.एल. गोचर, मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा गुर्जर समाज में शिक्षा पर महत्व देने पर जोर दिया गया। कहा कि पहले की अपेक्षा अब गुर्जर समाज शिक्षा की और अग्रसर हो रहा है।

साथ ही सामाजिक कुरीतियो नाता प्रथा, बाल विवाह मृत्युभोज के अवसर पर पहरावनी, मृत्युभोज को बंद करने पर अपने विचार रखे। साथ ही कहा कि किसी भी समाज को आगे लाना है तो उसकी युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना होगा। तभी समाज उन्नति कर सकता है।

## लुइस का बर्थडे मनाया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान दृष्टिहीन निशक्तजन सेवा समिति संस्था के महासचिव डॉ.कल्याण सिंह हाडा ने बताया कि लुइस जिन्होंने ब्रेल का आविष्कार किया था उसके बारे में सबको बताया कि उन्होंने अपने 5 साल की उम्र में आंखें खोलने के बाद उन्होंने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया जो आज दृष्टि बाधित व्यक्तियों की पढ़ने के लिए वरदान है।

संस्था के संरक्षक रजनीश नागर ने बताया कि यह प्रोग्राम एलबीएस स्कूल संस्थान के परिसर मे किया गया, उद्घाटन और दीप प्रचलित एलबीएस ग्रुप के डायरेक्टर सुदर्शन माथुर तथा सी.ई.ओ ओ.पी माथुर सर द्वारा किया गया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में दृष्टिबाधित के लिए नींबू दौड़, किताब दौड़ और शतरंज, संगीत व काव्य पाठ रखा। नींबू दौड़ में प्रथम मुस्कान बैरवा द्वितीय अर्जुन मेघवाल और तृतीय देवांश खंगार तथा किताब दौड़ में प्रथम सरस्वती द्वितीय दीपांशु और तृतीय अमित शर्मा रहे।

शतरंज में बाजी अमित शर्मा ने जीती इस अवसर पर डक से आए हुए कवि अशोक सोनी ने गायन तथा सौरभ सोनी ने विदेशी वाद्ययंत्र बजाएं। संस्था के संरक्षक संजय साहू और रमेश नागर ने अवगत कराया की साल भर में संस्था ने क्या-क्या कार्य दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए किए, संस्था ने जो-जो कार्य किए हैं उनसे सभी को अवगत कराया और दृष्टि बाधित व्यक्तियों को जिन्हें छड़ी की आवश्यकता थी उन्हें छड़ी दी गई तथा बाकी जो आए थे।

उन्हें सबको संस्था की तरफ से दो व्हील चेयर, गिफ्ट आदि देकर सम्मानित किया गया।

## 'गरम वस्त्र जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाएं'

**रावतभाटा,** (निसं)। दीपपुरा रोड एवं सणीता के आस पास में निवास कर रहे दर्जनों परिवारों को कपडों की आवश्यकता का पता चलने पर परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी से पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने गरम वस्त्र एकत्रित किए।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कॉलोनी के व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज करके कपडों की आवश्यकता बताई गई। जिस पर चंद्रमुखी मिश्रा, कल्पना भाटिया, मुकेश मीणा, किरन कुमारी ने अपने आस पास रह रहे।

परिवारों से तुरंत कई जोडी वस्त्र उन्हें दिए। कॉलोनी से इकट्ठा किए गए 12 गठरी कपडों का वितरण किया गया। वस्त्र वितरण में पूर्व पार्षद मनीष गिरी, मुकेश कुमार, नौशाद खान ने सहयोग किया।


कॉलोनी से इकट्ठा किए गए 12 गठरी कपड़ों का वितरण किया गया।

# डॉ. गोविंद माहेश्वरी को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकन अवार्ड

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की ओर से अग्र अलंकरण समारोह रविवार को नई दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल ऑडिटोरियम जनपथ में हुआ। कार्यक्रम में एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकन अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने बताया कि राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाज के व्यक्तित्वों को अग्र अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए एलन के निदेशक डॉ.गोविंद माहेश्वरी को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा देशभर में लाखों युवाओं के डॉक्टर व इंजीनियर के रूप में कॅरियर निर्माण के सपने पूरे किए जा रहे हैं। कार्यक्रम महामंडलेश्वर गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर ज्ञानानंद महाराज ने कोटा यात्रा और एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों को दिए जा रहे संस्कार और शिक्षा की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोटा यात्रा के दौरान जो माहौल देखा वो आद्भुत है और बड़ी संख्या में अनुशासित तरीके से बच्चों के कॅरियर का निर्माण हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अग्रवाल समाज के राष्टकृ और विश्व निर्माण में योगदान को सराहा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश ही नहीं वरन विदेश से भी समाज के सदस्य आए।



एलन के निदेशक डॉ. गोविंद माहेश्वरी को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकन अवार्ड से सम्मानित किया।

## कलश यात्रा का स्वागत

**रामगंजमण्डी** (निसं)। ज्योति कलश यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर 5 जनवरी रविवार को रामगंजमंडी पँहुची।माताजी के जन्म शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने और गुरुदेव द्वारा वर्ष 1926 में अखंड दीप प्रज्वलित करने के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इस ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया है।शहर में ज्योति कलश यात्रा का श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। यात्रा की शुरुआत गायत्री मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। गायत्री परिवार के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कलश को सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा का समापन बालाजी मंदिर खैराबाद में हुआ।जहां आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन भी किया गया। वरिष्ठ सदस्यों ने यात्रा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए एकता, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को सशक्त करने का संदेश दिया।

## वार्षिक उत्सव व पथसंचलन सम्पन्न

**अंता** (निसं)। रविवार को ग्राम भोज्याखेडी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिक उत्सव एवं विशाल पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन लाल नागर समाज सेवक ने की। मुख्य वक्ता रमेश चंद् खंगार सह विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख बारां विभाग ने संबोधित करते हुए कहा कि नव पीढी को जातिगत मतभेद से उठकर देश व समाज हित के लिए अपनी पूरी ताकत से जुटने की आवश्यकता है।

## अनंतपुरा क्रिकेट अकेडमी ने कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी को हराया

**कोटा,** (निसं)। मित्तल इंटरनेशनल स्कूल एवं कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में तथा शाज़ मीडिया द्वारा प्रायोजित मित्तल कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मित्तल इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड, बारां रोड कोटा किया जा रहा है। कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी के संयोजक हरीश मालव ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी का मुकाबला अनंतपुरा क्रिकेट अकेडमी से हुआ जिसमें अनंतपुरा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन का स्कोर बनाया।

टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए निलय अरोड़ा ने 33 गेंदों पर 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली तथा सुशांत ने 36 रन एवं समीर कुमार ने 25 रन बनाए। कोटा यूनाइटेड टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिलाल ने तीन विकेट, शौर्य प्रताप, आकाश ने दो-दो विकेट तथा धैर्य, जतिन, सिमरजीत सिंह बग्गा ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोटा यूनाइटेड टीम 45 रन पर ही ऑलआउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई की संख्या तक नहीं पहुंच सका। अनंतपुरा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हसन अली, राहुल मीणा ने तीन-तीन विकेट लिए तथा लक्ष्यम राठौर, चिराग सिंह ने दो-दो विकेट लिए। अनंतपुरा टीम ने यह मुकाबला 221 रन के विशाल अंतर से जीत लिया। इस मैच में हसन अली मैन ऑफ द मैच रहे। हरीश मालव ने बताया कि मैच के दौरान मित्तल इंटरनेशनल स्कूल के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर अजय मुखर्जी, कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी के टेक्निकल डायरेक्टर रिजवान खान, हेड कोच रघु राजावत, अनंतपुरा टीम से अनस अली, समी उल हक, अविनाश मीणा, विजय सिंह सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

# 'देश का लोकतंत्र ई.वी.एम. मशीन से चलाया जा रहा है'

**कोटा,** (निसं)। लोकतंत्र बचाओं आंदोलन समिति, कोटा की ओर संविधान और जनतंत्र की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अनवरत आंदोलन के क्रम में संस्था द्वारा देश के सर्वोच्च न्यायालय के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता महमूद प्राचा को कोटा में आमंत्रित करके 'लोकतंत्र पर बढ़ते हुए खतरे ओर समाधान' विषय पर उनके व्याख्यान का आयोजन किया गया।

महमूद प्राचा ने अपने व्याख्यान में उनके द्वारा देश के सर्वोच्च न्यायालय और अनेकों प्रदेश के उच्च न्यायालयों में चुनाव आयोग और भाजपा की केंद्र सरकार के विरुद्ध दायर मुकदमों के विवरण और अनेकों तथ्यों द्वारा यह सचाई सामने रखी कि ई वी एम के द्वारा चुनावों में की गई धांधली मात्र आरोप तक सीमित नहीं हैं, अपितु षडयंत्रपूर्वक नियोजित कार्यवाही है। महमूद प्राचा ने कहा कि उनसे पहले भी ईवीएम के द्वारा की जा रही धांधली के विरुद्ध याचिका लगाते रहे हैं, किन्तु उनकी याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज नहीं किया। चुनाव आयोग को बचाने के लिए सरकार द्वारा संसद में अध्यादेश लाने के बावजूद ईवीएम के प्रयोग को हटा कर मतपत्रों से मतदान कराने की उनकी लड़ाई हर कीमत पर जारी रहेगी। उन्होंने अपील की कि जन सहयोग से ही इस लड़ाई को जीता जा सकता है। देश के अधिकांश विरोधी दल ईवीएम को हटाने की मुहिम में उनकी कोशिशों के साथ हैं। उन्हें इस दिशा में सफलता भी मिल रही है।

■ 'जो लोग संविधान की हत्या कर रहे हैं, जनता उन्हें चुन-चुन कर सजा देगी'


कोटा में व्याख्यान माला को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता महमूद प्राचा ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कोटा आज शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, इस केन्द्र को कमजोर करने के लिए कोचिंग के बड़े केन्द्रों पर चुनाव के नाम पर अधिक से अधिक दबाव बनाया जा रहा है। व्याख्यान सभा को स्थानीय लाजपत राय भवन में महमूद प्राचा के विचारों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में कोटा अंचल के नागरिक, शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी एकत्रित हुए।

सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अजय चर्तुवेदी ने की तथा संयोजक यशवंत सिंह ने मुख्य अतिथि प्राचा का स्वागत किया।

व्याख्यान सभा का संचालन साहित्यकार महेन्द्र नेह एवं प्रोफेसर डॉ. संजय चावला ने किया। समिति के सदस्यों दुली चंद बोरदा, फतेह चन्द बगला एवं मुहम्मद रिजवान एवं इंडिया अगेंस्ट करप्शन के संयोजक विजय सिंह पालीवाल एवं जन नेत्री राखी गौतम ने जनतंत्र के पक्ष में अपने विचार रखे। लोकतंत्र बचाओ आंदोलन समिति के संयोजक रूपेश चड्ढा ने सभी उपस्थित श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। व्याख्यान की समाप्ति पर उपस्थित श्रोताओं की ओर से प्रश्नोत्तर काल में कुछ प्रश्न रखे गए, जिनके उत्तर देते समय महमूद प्राचा के सम्मान में बहुत उत्साह के साथ तालियां बजा कर उनके विचारों के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### सिंधु सोशल सर्कल के चुनाव निर्विरोध संपन्न



**कोटा,** (निसं)। सिंधु सोशल सर्किल के चुनाव सर्कल भवन पर निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी राम मदनानी व प्रकाश वीर नाथानी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए राजकुमार खूबचंदानी, संरक्षक, विमल परियानी, अध्यक्ष हरीश दयानी, उपाध्यक्ष किशन रतनानी, सचिव, मोहन इसरानी कोषाध्यक्ष, सुशील बूलचंदानी, सहसचिव व प्रेम संतवाणी, सांस्कृतिक सचिव घोषित किए गए। नए पदाधिकारी का स्वागत संरक्षक किशोर मदनानी, अध्यक्ष कमल सपरा, उपाध्यक्ष संतोष करमचंदानी, सचिव राजेश ग्वालानी, पूर्व संरक्षक गोपाल सपरा, परसराम झमनानी आदि ने किया।

### योग को जन-जन तक पहुंचाना

**कोटा,** (निसं)। पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने कोटा जिले में अपने स्थापना दिवस को भव्य तरीके से मनाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी गिरिराज मेहरा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति कोटा के मुख्य संरक्षक ईश्वर लाल सैनी रहे। रविवार को एसवीएन योग कक्षा, स्वामी विवेकानंद नगर में आयोजित स्थापना दिवस पर सामूहिक योग व यज्ञ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग,आयुर्वेद, और राष्ट्र सेवा का महत्व रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर लाल सैनी, मुख्य संरक्षक, पतंजलि योग समिति, कोटा, ने योग और संगठन की एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। योग से न केवल स्वास्थ्य की गारंटी मिलती है, बल्कि संगठन के सभी सदस्यों को एक-दूसरे के पूरक की तरह कार्य करना चाहिए।

### उपजिला चिकित्सालय निर्माण को लेकर विरोध जताया

**छबड़ा** (निसं)। स्थानीय केमिस्ट एसोसिएषन की बैठक शनिवार शाम को पंचायत समिति परिसर में सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से उपजिला चिकित्सालय का निर्माण कटिखंडी क्षेत्र में किए जाने को जनहित में नही बताते हुए विरोध जताया गया। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण लोधा ने की। वरिष्ठ सदस्य हरीश माहेश्वरी के अनुसार षहरी आबादी के बीच स्थित सीएचसी की 8 बीघा भूमि पर ही नवीन स्वीकृत उपजिला चिकित्सालय का निर्माण किया जाना चाहिए। कटिखंडी क्षेत्र निर्जन स्थान है और आसपास आबादी तक नही है। शहर के विपरित दिषा में होने के चलते आमजन को आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बैठक में 17-18 सदस्य उपस्थित रहे। अधिकांश सदस्य खुलकर विरोध व्यक्त नही कर सके। अधिकांष सदस्यों का कहना था कि आमजन को भी सामूहिक रूप से विरोध कर आगे आना चाहिए। यह आमजन की चिकित्सा व्यवस्था का सवाल है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 को

**छबड़ा** (निसं)। हिन्दुस्तान क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में हर वर्श की भांति इस वर्श भी खेल मैंदान में लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का षुभारंभ 14 जनवरी को होगा। जिसमें राजस्थान, एमपी व अन्य जिलों की 16 टीमें भाग लेगी। क्लब प्रवक्ता खालिद राणा ने बताया कि प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 70 हजार रुपए व कप गुरूकृपा प्रोपर्टी एवं द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रूपए व कप एडवोकेट अखिलेश शर्मा द्वारा दिया जाएगा। संरक्षक हिम्मतसिंह सिंघवी, संयोजक मनीष नामदेव, कपिल तिवारी, क्लब अध्यक्ष शफीक पठान आदि द्वारा इसे सफल बनाने के लिए तैयारी की जा रही है। प्रतियोगिता में कश्मीर, जयपुर, कोटा, झालावाड़, बीना, ग्वालियर, गुना, भवानीमंडी, शिवपुरी आदि की टीमे भाग लेगी।

### चौथ माता मेला 17 से

**छबड़ा** (निसं)। माघ मास तिलकुट चतुर्थी के अवसर पर पाली स्थित चौथ माता मंदिर पर तीन दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए मंदिर समिति संरक्षक गिरधर गोपाल, सचिव दिनेष भार्गव सहित मेला समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें तैयारियों पर चर्चा की गई। मेला प्रचार प्रमुख पूरणसिंह लोधा व अजय लोधा ने बताया कि 16 जनवरी से कलष यात्रा के साथ यह धार्मिक मेला षुरू होगा। 17 जनवरी को रात्रि 8 बजे भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा व 18 जनवरी को झांकियो की षोभायात्रा के साथ मेले का समापन होगा।

### प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। गीता परिवार कोटा के तत्वाधान में पश्चिमांचल माहेश्वरी महिला संगठन के सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारम्भ राष्ट्रीय पदाधिकारी गोविंद माहेश्वरी ऐलन के द्वारा किया गया। गीता परिवार कोटा की सचिव मनीषा गाँधी ने बताया कि शिविर में राष्ट्रीय पदाधिकारी संजय मालपानी एवं प्रमिला ताई सहित कई राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा संस्कृत संथा, कथा कथन, प्रज्ञा संवर्धन, प्रात्यक्षिक संबोधन, हस्तकला प्रशिक्षण, खेल इत्यादि विषय के माध्यम से संस्कार वर्ग में बच्चों के विकास के संदर्भ में जानकारी दी गई। इस अवसर पर लायन्स क्लब सेन्ट्रल अध्यक्ष मधु बाहेती भी उपस्थित रही।

### 50 लोगों को गर्म कपड़े किये

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा कड़ाके की ठण्ड में सर्दी से ठिठुरते लोगों को गर्म कपड़े वितरित किये गये क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि लायंस डिस्ट्रिक्ट प्राइम प्रोग्राम्स के अंतर्गत एक्शन संडे पर विभिन्न बस्तियों में घूम-घूम कर सर्दी में ठिठुरते 50 लोगों को लायन भगवती कैलाश सेठिया के सौजन्य से जर्सी और जैकेट्स पहनाये गये सेवा और संस्कार के इस कार्य में रीजन चेयरमैन दिनेश कुमार, ललित बाहेती, राज कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### उपचार कराने आए व्यक्ति की जेब कटी

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा सीएचसी में अपने पुत्र का उपचार कराने आए एमपी निवासी एक व्यक्ति के होष उस उक्त उड गए, जब पर्ची केंद्र पर उसकी जेब कट गई, जिसमें तीन हजार से अधिक रूपए थे। पीड़ित ने थाने में परिवाद दे दिया हैं। देहात मण्डल अध्यक्ष अषोक गौड के अनुसार मध्यप्रदेश के बाकखेडा गांव निवासी कन्हैयालाल लोधा रविवार को छबडा कस्बे के सीएचसी में अपने पुत्र का उपचार कराने आया था कि पर्ची केंद्र पर अज्ञात लोगो ने उसकी जेब काट ली। जेब में 3 हजार 260 रूपए थे।

### योग शिविर का समापन

**रावतभाटा,** (निसं)। राष्ट्रीय कार्यकारिणी योग शिविर पतंजलि योगपीठ 2 हरिद्वार में संपन्न हुआ। रावतभाटा के योगाचार्य राधेश्याम शर्मा को योग गुरु स्वामी रामदेव जी ने निःशुल्क योग कक्षा लेने हेतु सम्मानित व आशीर्वाद दिया। पतंजलि योगपीठ के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि योगाचार्य राधेश्याम शर्मा जिले और आस पास अनेक जगहों पर निःशुल्क योग शिविर लगाकर लोगों को स्वस्थ रखते हैं और अमेरिका के तीन स्टेट में भी निःशुल्क ऑनलाइन योग कक्षा लेते हैं।

### योगी समाज की बैठक आयोजित

**नैनवां** (निसं)। पालेश्वर महादेव मंदिर दुगारी में गोरख सेना जिला अध्यक्ष कैलाश चंद योगी की अध्यक्षता में घुमंतु अर्ध घुमंतू जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही समस्या तथा समाज की विभिन्न अन्य समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा, घुमंतू अद्धर्घुमंतु जाती प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्या समाज का छात्रावास नकल जमाबंदी में जाति बाबाजी सुधार करने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश योगी ने किया।

### विद्युत करंट से युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। कंकरवा गांव निवासी एक युवक की खेत पर पानी की मोटर चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। चिकित्सा सूत्रो के अनुसार हेमराज मीणा (28) पुत्र कन्हैयालाल निवासी कंकरवा की खेत पर पानी की मोटर चालू करने के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

